महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

पत्र सं. 22-127/2018(शै.)मसारावेविप्र./ दि: 21/02/2019

<u>अति तत्काल</u>

प्रति

The Secretary,
Om Shanti Dhama Veda Gurukula
Bommasandra Sangama
Kanakapura, Ram Nagar – 562117
Karnataka

विषय:- सम्परीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको सूचित किया जाता है कि आपके वेद विद्यालय में संस्कृत, सामाजिक विज्ञान तथा योग का अध्यापन हेतु 1 तथा अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर हेतु 1 अध्यापक , इस प्रकार कुल 2 अध्यापक की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

एतदर्थ उपर्युक्त रिक्त स्थान की सम्पूर्ति हेतु विद्यालय की समिति से स्वीकृति लेकर स्थानीय समाचार पत्र में विज्ञापन कर जिसमें आवेदन मंगवाने की 14 दिन की अवधि रहेगी। समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की प्रति तुरन्त ईमेल के माध्यम से प्रतिष्ठान को प्रेषित करना आवश्यक है। विज्ञापन की प्रति प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी । विज्ञापनोपरान्त आगत अभ्यर्थियों के आवेदन जिसमें समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति सहित अभ्यार्थी द्वारा स्वयं प्रमाणित आवेदन में सलग्न करना अनिवार्य है। समस्त आगत आवेदन क्रमश: अभ्यर्थियों की सूची सहित विषय क्रम अनुसार संलग्न कर विज्ञापन की प्रति सहित 28 फरवरी 2019 तक प्रतिष्ठान कार्यालय को प्राप्त कराने का अनुरोध है।

भवदीय

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव

नोट:-1 . संस्कृत-सामाजिक विज्ञान-योग विषय, गणित-अंग्रेजी-कम्प्यूटर विषयाध्यापक हेतु योग्यता विवरण।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

नोट:-

1. संस्कृत, सामाजिक विज्ञान विषय हेतु अभ्यर्थी स्नातक स्तर में संस्कृत विषय के साथ समाजशास्त्र, इतिहास, समाज कार्य, राजनीति विज्ञान, भूगोल में से किसी एक विषय का अध्ययन आवश्यक है, साथ ही योग में भी प्रमाण पत्र प्रशिक्षित हो।
2. गणित, अंग्रेजी विषय अध्यापक हेतु स्नातक स्तर में फिजिक्स, केमेस्ट्री तथा गणित विषय के साथ अंग्रेजी विषय अनिवार्य है, साथ ही कम्प्यूटर में भी प्रमाण पत्र प्रशिक्षित हो।
3. बी.एड अथवा एम.ए./एम.एस.-सी अथवा वर्तमान समय में 2 वर्ष का अध्यापन अनुभव अभ्यर्थी को वरीयता प्रदान की जाएगी।
4. संस्कृत, सामाजिक विज्ञान विषय अध्यापकों को प्रतिष्ठान योजना के अन्तर्गत वर्तमान अथवा भविष्य में योग आदि विषय का अध्यापन कराना अनिवार्य होगा। जिन अभ्यर्थी के पास योग विषय का अध्यापन तथा प्रायोगिक अनुभव नहीं है वह अभ्यर्थी संबंधित विषय में योग्यता प्राप्त कर प्रतिष्ठान को प्रमाण पत्र की प्रति देना होगी। इसी क्रम में गणित, सामाजिक विज्ञान विषय अध्यापक को प्रतिष्ठान योजना के अन्तर्गत कम्प्यूटर विषय का अध्यापन कराना अनिवार्य होगा, सम्बन्धित विषय हेतु योग्यता न होने पर योग्यता हासिल कर प्रतिष्ठान प्रमाण पत्र की प्रति देना होगी।

भवदीय,

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव